an>

Title: Need to take suitable steps to rejuvenate Bharat Pump and Compressors Limited, a Central PSU in Naini, Allahabad, Uttar Pradesh.

श्री श्यामा चरण गुप्त (इलाहाबाद) ः मेरे इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र में भारत सरकार के श्रेष्ठ उपक्रमों में से एक उपक्रम भारत पम्प एवं कम्प्रेसर लि., नैनी, इलाहाबाद में हैं, जो एशिया में पम्प बनाने का सर्वश्रेष्ठ उपक्रम है तथा ये अपनी विशिष्टता के लिए जाना जाता है, जिसे रूग्ण दिखाया गया है जबकि यह रूग्ण हो ही नहीं सकता क्योंकि इस उपक्रम की पम्प बनाने की विशिष्टता के कारण काम का अभाव नहीं है।

यहां केवल दो कमियां हैं। कार्यशील पूंजी का अभाव एवं व्यवस्था कराने व ठीक करने के लिए पूर्णकालिक/ दीर्घकालिक प्रशासनिक अधिकारी, सी.एम.डी. की आवश्यकता है, जो इस प्रतिष्ठान को भली-भांति चला सकें।

इस संबंध में कई पत्र वर्तमान सरकार के गठन के बाद संबंधित माननीय मंत्री जी को लिखे गये और सरकार की पहल पर कार्यशील पूंजी के संबंध में कुछ सकारात्मक आदेश किये गये हैं। माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि ऐसा सार्वजनिक उपक्रम जो सार्वजनिक उपक्रमों का मिनी रत्न कहा जाता हो व जहां घाटा लगने की कोई संभावना न हो, उसे वहां की मांग के अनुरूप कार्यशील पूंजी क्यों नहीं दी जा रही है व स्थाई सी.एम.डी. क्यों नहीं नियुक्त हो रहा है। माननीय मंत्री जी यह बताने का कष्ट करें कि इस प्रतिष्ठान के चलाये जाने हेतु क्या कदम सरकार ने उठाये हैं।